# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2023 के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में "अध्यापक" के पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के लिए पत्र, विषय, प्रश्नों की संख्या, परीक्षा की अवधि और कुल अंक इस प्रकार होंगेः–

| पत्र | विषय | प्रश्नों की संख्या | परीक्षा की अवधि | कुल अंक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भाषा (अहर्ता) | 100<br><br>भाग–I-25<br>एवं<br>भाग–II-75 | 02 घंटे | 100<br><br>भाग–I-25<br>एवं<br>भाग–II-75 | ➢ प्राथमिक से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के सभी अध्यापकों के लिए।<br>➢ यह पत्र दो भाग में होंगे यथा– भाग–I एवं भाग–II<br>➢ भाग–I- अंग्रेजी भाषा सभी के लिए अनिवार्य होगा।<br>➢ भाग–II- हिन्दी भाषा/उर्दू भाषा/बांग्ला भाषा तीनों में से किसी एक भाषा का चुनाव करना होगा।<br>➢ इस पत्र का अहर्तांक कम से कम 30 प्रतिशत अनिवार्य है। |
| 2. | सामान्य अध्ययन | 150 | 02 घंटे | 150 | ➢ प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए।<br>➢ इसमें प्राथमिक गणित, मानसिक क्षमता परीक्षण, सामान्य जागरूकता, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भूगोल और पर्यावरण शामिल हैं।<br>➢ सामान्य अध्ययन पत्र के प्रश्न प्राथमिक विद्यालय के पाठ्यक्रम से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। |
| 3. | विषय एवं सामान्य अध्ययन | 150<br><br>भाग–I-100<br>एवं<br>भाग–II-50 | 02 घंटे | 150<br><br>भाग–I-100<br>एवं<br>भाग–II-50 | ➢ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए।<br>➢ यह पत्र दो भाग में होंगे यथा– भाग–I एवं भाग–II<br>➢ भाग–I- एक विषय पत्र है। उम्मीदवारों द्वारा इन पत्रों में से किसी एक पत्र का चुनाव किया जाना हैः– हिन्दी, बांग्ला, उर्दू, मैथिली, संस्कृत, भोजपुरी, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान।<br>➢ विषय पत्र माध्यमिक विद्यालयों के विषयों के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगो।<br>➢ भाग–II- एक सामान्य अध्ययन पत्र है, जिसके प्रश्न माध्यमिक विद्यालय के पाठ्यक्रम से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। इसमें प्राथमिक गणित, सामान्य जागरूकता, सामान्य विज्ञान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन एवं भूगोल शामिल हैं। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | विषय एवं सामान्य अध्ययन | 150<br><br>भाग–I-100 एवं भाग–II-50 | 02 घंटे | 150<br><br>भाग–I-100 एवं भाग–II-50 | ➢ उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए<br>➢ यह पत्र दो भाग में होंगे यथा– भाग–I एवं भाग–II<br>➢ भाग–I- एक विषय पत्र है। उम्मीदवारों द्वारा इन पत्रों में से किसी एक पत्र का चुनाव किया जाना है:– हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, बांग्ला, मैथिली, मगही, अरबी, फारसी, भोजपुरी, पाली, प्राकृत, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, बनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र, गृह विज्ञान, कम्प्यूटर साईंस, वाणिज्य, लेखा, संगीत एवं उद्यमिता।<br>➢ विषय पत्र उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विषयों के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगो।<br>➢ भाग–II- एक सामान्य अध्ययन पत्र है, जिसके प्रश्न उच्च माध्यमिक विद्यालय के पाठ्यक्रम से संबंधित होंगे, लेकिन इसका स्तर उम्मीदवार हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के आलोक में होगा। इसमें प्राथमिक गणित, सामान्य जागरूकता, सामान्य विज्ञान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन एवं भूगोल शामिल हैं। |

**नोटः**– 1. प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए अंक की कटौती की जायगी।

2. कार्मिक एवम् प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक– 962, दिनांक 22.01.2021 के द्वारा उपरोक्त परीक्षाओं में मेधा निर्धारण हेतु सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34%, एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं तथा निःशक्तता से ग्रस्त (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 32%, निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा वे प्रतियोगिता परीक्षा से बाहर हो जाएंगे।